टी-20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर अभिषेक शर्मा

ईशान शीर्ष पर कायम, बुमराह 10वें और अर्शदीप 14वें स्थान पर पहुंचे

नवभारत न्यूज नेटवर्क

दुबई, 16 सितंबर अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की सीरीज के पहले मैच में 82 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पछाड़ते हुए आईसीसी पुरुष टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं.

अभिषेक अपने साथी खिलाड़ी ईशान से 51 रेटिंग पॉइंट पीछे हैं, जो टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं. अभिषेक को एक पायदान का फायदा हुआ है. दूसरे टी-20 में भारत की सात विकेट से जीत के दौरान 57 रन बनाने के बाद संजू सैमसन को भी फायदा हुआ. सैमसन चार पायदान ऊपर चढ़कर 30वें नंबर पर पहुंच गए, जबकि भारत ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली. भारत के गेंदबाज़ों को भी काफी फायदा हुआ. वरुण चक्रवर्ती दो स्थान ऊपर चढ़कर 5वें नंबर पर आ गए, जबकि बुमराह सात स्थान की छलांग लगाकर 10वें नंबर पर पहुंच गए. भारतीय गेंदबाजों में अर्शदीप सिंह ने सबसे बड़ी बढ़त हासिल की, वे 11 स्थान ऊपर चढ़कर 14वें नंबर पर आ गए, जबकि अक्षर पटेल छह स्थान ऊपर चढ़कर 27वें नंबर पर पहुंच गए.

> अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई ने भी टी-20 ऑलराउंडर रैंकिंग में तरक्की की और दो स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें नंबर पर आ गए. मोहम्मद नबी एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें नंबर पर पहुंच गए. टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में रॉबिन्सन तीसरे नंबर पर पहुंचे. टेस्ट रैंकिंग में, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 21 विकेट लेने के बाद अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे नंबर पर पहुंच गए.

चीन-जापान बास्केटबॉल के सेमीफाइनल में

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नागोया (जापान), 16 सितंबर बुधवार को अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मैच जीतने के बाद चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और ईरान एशियन गेम्स 2026 के पुरुष बास्केटबॉल के सेमीफाइनल में पहुंच गए.

चीन ने सऊदी अरब को 87-78 से हराया, जबकि उनके फॉरवर्ड खिलाड़ी झू जुनलोंग, झाओ जियायी और ली हॉंगक्वान चोट के कारण बाहर थे. चीन ने हाफटाइम तक 48-39 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सऊदी अरब ने वापसी करते हुए तीसरे क्वार्टर के अंत में स्कोर 62 पर बराबर कर दिया. चौथा क्वार्टर काफी कड़ा रहा, लेकिन हू जिनक्यू के दो फ्री थ्रो ने मैच खत्म होने में 2:04 मिनट बाकी रहते चीन को 83-75 की बढ़त दिला दी. इसके बाद मोहम्मद अलसुवाइलेम ने एक फ्री थ्रो और एक ले-अप करके अंतर को 83-78 कर दिया (1:29 मिनट बाकी रहते), लेकिन कुई योंगक्सी और लियाओ के लगातार बास्केट ने चीन की जीत पक्की कर दी.

> ईरान ने बहरीन को 79-74 से करीबी मुकाबले में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई. मैच खत्म होने में 10.4 सेकंड बाकी थे और ईरान तीन पॉइंट से आगे था, तभी ईरान के खिलाड़ी लगातार तीन फ्री थ्रो चूक गए, जिससे बहरीन को मैच पलटने का आखिरी मौका मिल गया. बहरीन के आखिरी पजेशन (गेंद पर कब्ज़े) के दौरान, गार्ड मुस्तफा राशिद कोने से थ्री-पॉइंटर नहीं लगा पाए. इसके बाद रेफरी के फैसले पर बहस करने के कारण उन्हें मैच का दूसरा टेक्निकल फाउल मिला और उन्हें बाहर कर दिया गया, जिससे बहरीन की वापसी की उम्मीदें खत्म हो गईं.

एक नजर में

यूथ फर्स्ट मैराथन 20 सितम्बर को



नयी दिल्ली. यूथ फर्स्ट मैराथन युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल है, पिछले साल 20 सितंबर 2025 को ग्लोबल सेंटर फॉर सोशल डायनेमिक रिसर्च (जीसीएसडीआर) ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर यूथ फर्स्ट मिशन की घोषणा की थी. यह घोषणा केंद्र द्वारा 'मनोविज्ञान में नवाचार और नई पीढ़ियों की भलाई' विषय पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में की गई थी. डॉ. नीलम सी. डे, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता 2021 और अंतर्राष्ट्रीय पैनल स्पीकर (आईएएसएसडब्ल्यू, संयुक्त राष्ट्र), और ग्लोबल सेंटर फॉर सोशल डायनेमिक रिसर्च के कार्यकारी निदेशक और निदेशक अनुसंधान, इस मिशन के संस्थापक हैं. इस वर्ष एक बार फिर 20 सितंबर 2026 को माननीय प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर ग्लोबल सेंटर फॉर सोशल डायनेमिक रिसर्च जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में यूथ फर्स्ट मैराथन का आयोजन कर रहा है. यह मिशन युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण के लिए समर्पित है.

मेडलिस्ट को क्वालीफाई करने का सीधा मौका

नयी दिल्ली. एशियाई खेलों में मेडल जीतने वाले बॉक्सरों को 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का सीधा मौका मिलेगा. उन्हें कजाकिस्तान में होने वाली 2027 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सीधी एंट्री मिलेगी, जो हर चार साल में होने वाले इन खेलों के लिए पहला क्वालीफाइंग इवेंट होगा. बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक खेलों के लिए ज्यादा से ज्यादा बॉक्सरों को क्वालीफाई कराने पर केंद्रित एक विस्तृत सिलेक्शन पॉलिसी जारी की है. यह पॉलिसी 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' द्वारा विकसित और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) द्वारा मंजूर किए गए क्वालिफिकेशन सिस्टम पर आधारित चार-चरणों वाला तरीका बताती है. 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के नियमों के अनुसार, 2027 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप पहला क्वालीफाइंग इवेंट होगा, इसके बाद चीन में एशियाई क्वालीफायर और 2028 में दो वर्ल्ड क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होंगे. बीएफआई ने ऊपर बताए गए क्वालिफिकेशन सिस्टम के अनुसार, 8 दिसंबर 2025 को जारी सिलेक्शन नियमों को आगे बढ़ाते हुए 2027-28 के लिए सिलेक्शन नियम जारी किए हैं.

आसिफ ले रहे थे विश्व कप से नाम वापस : समिति

ढाका. बंगलादेश की सरकार की जांच में पाया गया है कि इस साल की शुरुआत में भारत में हुए पुरुष टी-20 विश्व कप से हटने का फैसला अकेले अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार रहे आसिफ नजरुल ने लिया था. तीन सदस्यीय समिति ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस बेहद अहम मामले से निपटने के दौरान बीसीबी में 'स्वतंत्र रणनीतिक नेतृत्व, संकट के समय कूटनीति से निपटने की क्षमता और लंबे समय की योजना' की कमी थी. 24 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और बंलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच तीन सप्ताह तक चली खींचतान के बाद, आईसीसी ने टी-20 विश्व कप में बंगलादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया था. यह फैसला आईसीसी बोर्ड के अधिकतर सदस्यों के बंगलादेश की भागीदारी के खिलाफ वोट करने के बाद लिया गया. बीसीबी ने भारत में अपने मैच खेलने से इनकार कर दिया था. यह पूरा मामला तब शुरू हुआ, जब बीसीबी ने मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटा दिया. नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने उन्हें ख़रीदा था.

डब्ल्यूपीएल की नीलामी 28 अक्टूबर को

कोच्चि में लग सकती है अगले सीजन के खिलाड़ियों पर बोली

वाराणसी में मैच कराने की तैयारी

नीलामी के बाद दिसंबर में आईपीएल की बारी

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 16 सितम्बर महिला प्रीमियर लीग 2027 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी की तारीख सामने आ गई है. रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड 28 अक्टूबर को कोच्चि में अगले सीजन के लिए मिनी नीलामी करा सकता है.

डब्ल्यूपीएल का अगला सत्र जनवरी-फरवरी में ही आयोजित किए जाने की तैयारी है. वहीं, टूर्नामेंट के मुकाबलों के लिए नए मैदान को शामिल करने की योजना भी बनाई जा रही है. 2027 की नीलामी अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में होगी. कोच्चि को इसके आयोजन स्थल के तौर पर चुने जाने की संभावना है. नीलामी में पांचों फ्रेंचाइजी अपनी टीमों को मजबूत करने के लिए खिलाड़ियों पर बोली लगाएंगी. पिछले सत्र के प्रदर्शन के आधार पर टीमों को अपने संयोजन में बदलाव का मौका मिलेगा.

डब्ल्यूपीएल के मुकाबले पिछले कुछ सत्रों से मुंबई और वडोदरा में खेले जाते रहे हैं. अब वाराणसी को भी आयोजन स्थल में शामिल करने की तैयारी है. शहर में नया स्टेडियम तैयार हो चुका है और रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई यहां महिला प्रीमियर लीग के मुकाबले कराने की योजना बना रहा है. इससे लीग को नए शहर और दर्शकों तक पहुंचाने का मौका मिलेगा. अगले साल फरवरी के मध्य में पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी भी प्रस्तावित है. इसके कारण डब्ल्यूपीएल के कार्यक्रम में बदलाव की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने जनवरी-फरवरी की तय अवधि में ही लीग कराने का फैसला किया है.

> **पिछले 3 साल विदेश में हुई आईपीएल की नीलामी**
>
> डब्ल्यूपीएल की नीलामी के बाद आईपीएल 2027 की नीलामी भी दिसंबर में होने की संभावना है. पिछले तीन साल से आईपीएल की नीलामी विदेश में हुई है, लेकिन इस बार भारत में ही आयोजन किए जाने की तैयारी है. रिपोर्ट के मुताबिक 2028 के मेगा ऑक्शन को विदेश में कराने की योजना है.

एक ओवर में 30 रन, हैरी ब्रूक ने रचा इतिहास

नवभारत न्यूज नेटवर्क

साउथम्पटन, 16 सितम्बर इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में बल्ले से ऐसा तूफान मचाया कि रिकॉर्ड भी उनके नाम हो गए.

ब्रूक ने महज 49 गेंदों में नाबाद 114 रन की पारी खेली और इंग्लैंड को 254 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया. उनकी पारी में 10 चौके और छह छक्के शामिल रहे. इस दौरान उन्होंने श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालागे के एक ओवर में ही 30 रन ठोक दिए. इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआती विकेट गंवाने के बाद ब्रूक और जोस बटलर की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया. बटलर ने 80 रन की पारी खेली, लेकिन मुकाबले का सबसे बड़ा आकर्षण ब्रूक की बल्लेबाजी रही. उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और 232.65 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए.

10 चौके और 6 छक्कों से सजाई तूफानी पारी

वेलालागे के ओवर में सभी गेंदों पर बाउंड्री

ब्रूक ने वेलालागे को बनाया निशाना

पहली गेंद पर छक्का लगाने के बाद उन्होंने लगातार दो चौके जड़े. इसके बाद दो छक्के और एक चौका लगाकर ओवर में कुल 30 रन बटोर लिए. इस ओवर ने इंग्लैंड की पारी की रफ्तार और बढ़ा दी. ब्रूक की इस पारी के साथ एक खास रिकॉर्ड भी जुड़ गया. वह किसी पूर्ण सदस्य देश की ओर से बतौर कप्तान एक कैलेंडर वर्ष में दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए. इससे पहले एस्वातिनी के आदिल बट और स्विट्जरलैंड के फहीम नजीर बतौर कप्तान एक साल में दो टी-20 शतक लगा चुके थे, लेकिन दोनों एसोसिएट सदस्य देशों से हैं.

खलिन ने नवा रायपुर में अपनी बढ़ाई बढ़त

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नया रायपुर, 16 सितंबर. छत्तीसगढ़ के नया रायपुर में फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिज़ॉर्ट में खेले जा रहे पहले 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के नवा रायपुर ओपन के दूसरे राउंड के बाद, खलिन जोशी ने बिना किसी बोगी के 'फोर-अंडर 30' का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को दो शॉट तक बढ़ा लिया.

बेंगलुरु के 34 वर्षीय गोल्फर (29-30), जिन्होंने दिन की शुरुआत एक-शॉट की बढ़त के साथ की थी, ने चार बर्डी लगाईं और आधे रास्ते तक 'नाइन-अंडर 59' के स्कोर पर पहुँच गए.

> इस सीज़न में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई पर दो बार जीत हासिल करने वाले और वर्तमान में 'रेस टू द डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप' में 12वें स्थान पर मौजूद जोशी ने शुरुआती 18 होल्स में एक भी शॉट नहीं गंवाया है। भारी बारिश के कारण कोर्स पूरे 18-होल राउंड के लिए उपयुक्त नहीं रह गया था, जिसके चलते टूर्नामेंट कमेटी ने चारों राउंड को 'बैक नाइन' (पिछले नौ होल्स) पर आयोजित करने का फैसला किया। कोलकाता के 20 वर्षीय आर्यव शाह (30-31) ने 'थ्री-अंडर 31' के स्कोर में चार बर्डी और एक बोगी लगाई। इसके साथ ही वे नेपाल के सुबाश तमांग (32-29), बेंगलुरु के अक्षय नेरंजन (30-31) और पंचकूला के रौनील कुकर (31-30) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे.

मै शुभमन और सूर्यकुमार से प्रेरित हूं

बस गेंद की टाइमिंग पर ध्यान देते हैं : नत्थाकन चंथम

नवभारत न्यूज नेटवर्क

बैंकॉक, 16 सितंबर. थाईलैंड की महिला टीम की बल्लेबाज नत्थाकन चंथम ने बताया कि वह भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल की टाइमिंग और सूर्यकुमार यादव के आत्मविश्वास से प्रेरित है. एशियाई खेलों 2026 से पहले नत्थाकन चंथम ने बताया कि उन्होंने सूर्यकुमार यादव के मशहूर 'सुपला शॉट' को अपने खेल में शामिल करने का प्रयास किया. उन्होंने कहा कि इसके नतीजे थोड़े दर्दनाक रहे हैं.

चंथम ने कहा, 'मैंने कोशिश तो की, लेकिन गेंद हर जगह मुझे ही लगी. मैं इसे खेलना तो चाहूंगी, लेकिन पहले मुझे अपनी मजबूत चीजों पर ध्यान देना होगा.'

'सुपला शॉट' पर अभी भी काम चल रहा है, लेकिन सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी ने नत्थाकन चंथम को लंबे समय से प्रभावित किया है. वह इस भारतीय स्टार को अपना पसंदीदा क्रिकेटर मानती हैं. वह उन्हें आमने-सामने देखने के सीमित मौकों के कारण, सोशल मीडिया मंच यूट्यूब, इंस्टाग्राम और भारतीय क्रिकेट टीम के सोशल मीडिया चैनलों पर हाइलाइट्स के ज़रिए एसकेवाई को फ़ॉलो करती हैं.

> चंथम ने कहा, 'मैं उनका आत्मविश्वास और खेलने का अंदाज़ देख सकती हूं. वह बस गेंद की टाइमिंग पर ध्यान देते हैं. उन्हें अच्छी तकनीक या सुंदर दिखने की परवाह नहीं होती. वह बस गेंद को अच्छे से टाइम करते हैं, और यह सुंदर बन जाता है, ठीक उनकी तरह.

चीन का एशियाई खेल दल पहुँचा नागोया



नवभारत न्यूज नेटवर्क

नागोया (जापान), 16 सितंबर बुधवार को चीनी दल के सदस्य, जिनमें कई राष्ट्रीय टीमें शामिल थीं, नागोया पहुँचे. कुछ एथलीटों ने तो आने वाले आइची-नागोया एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतने का लक्ष्य भी तय कर लिया है.

19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक चलने वाले इन खेलों में चीन 38 खेलों और 369 इवेंट्स में 815 एथलीटों को उतारेगा, जिनमें 36 ओलंपिक चैंपियन भी शामिल हैं.

जिम्नास्ट झांग बोहेंग ने पहुँचने के बाद कहा, 'मैं उत्साहित हूँ. पूरी टीम अच्छी तरह से तैयार है. जापान में रहने वाले कई चीनी लोग हमारा स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट आए थे.'

> झांग ने कहा, 'हमारा सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी हम खुद हैं. जिम्नास्टिक्स खुद को अभिव्यक्त करने और अपनी सीमाओं को चुनौती देने का खेल है.' उन्होंने आगे कहा कि चीन की पुरुष जिम्नास्टिक्स टीम टीम, ऑल-अराउंड, रिंग्स और पैरेलल बार्स इवेंट्स में गोल्ड मेडल जीतने का लक्ष्य बना रही है .अपने तीसरे एशियाई खेलों में हिस्सा ले रहीं महिला डबल्स बैडमिंटन खिलाड़ी जिया यिफान ने भी एयरपोर्ट पर अपना उत्साह जाहिर किया. उन्होंने कहा, 'यहाँ इतनी सारी चीनी टीमें और एथलीट हैं, जिससे मुझे पूरे दल में एकता का अहसास हो रहा है.

महिला क्रिकेट चामरी अटापट्टू संभालेंगी कप्तानी, 17 साल की चमुडी प्रबोदा को भी मौका

एशियाई खेलों के लिए श्रीलंका की महिला टीम घोषित

18 सितंबर को मलेशिया से होगा पहला मुकाबला

नवभारत न्यूज नेटवर्क

कोलंबो, 16 सितंबर श्रीलंका ने 2026 एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है.

कप्तान चामरी अटापट्टू टीम की अगुवाई करेंगी. टीम में हालिया एशिया कप अभियान की कई खिलाड़ी शामिल हैं, साथ ही कुछ बदलाव भी किए गए हैं. विष्मी गुणरत्ने, जिन्होंने आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप और एशिया कप के दौरान अहम योगदान देकर प्रभावित किया था, उन प्रमुख नामों में शामिल हैं जो टीम में नहीं हैं. नीलाक्षिका सिल्वा को भी टीम में जगह नहीं मिली है.

> आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, चेतना विमुक्ति, जिन्हें एशिया कप के लिए श्रीलंका की टीम में वापस बुलाया गया था, एशियाई खेलों की टीम में शामिल नहीं हैं. हालांकि, कुछ बेहतरीन युवा प्रतिभाओं के लिए भी जगह बनाई गई है. 17 वर्षीय चमुडी प्रबोदा, जिन्होंने एशिया कप के दौरान प्रभावित किया था, उन्हें टीम में शामिल किया गया है, साथ ही 19 वर्षीय रश्मिका सेववंडी को भी जगह मिली है. सेववंडी ने अपना आखिरी टी-20 मैच अगस्त में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था. टीम में अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिनमें इमेशा दुलानी, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, हसिनी परेरा, सुगंधिका कुमारी और अनुष्का संजीवनी शामिल हैं. श्रीलंका 18 सितंबर को मलेशिया के खिलाफ एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत करेगा. श्रीलंका की टीम इस प्रकार है :- चामरी अटापट्टू (कप्तान), इमेशा दुलानी, संजना कविंडी, हंसिमा करुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, अनुष्का संजीवनी, कविशा दिलहारी, हसिनी परेरा, कौशिनी नुथ्यांगना, निमाशा मीपेज, सुगंधिका कुमारी, रश्मिका सेववंडी, चमुडी प्रबोदा, मिताली अयोध्या और काव्या कविंडी.